# अछैबर ग्राम विकास सेवा संस्थान

**मुरादपुर पो0 गौरा उपाध्याय ,जिला – बस्ती उ0प्र0**
**वार्षिक प्रतिवेदन**
**बर्ष 2022–2023**

अछैबर ग्राम विकास सेवा संस्थान, मुरादपुर, पो0 गौरा उपाध्याय जिला बस्ती की स्थापना दिनांक 26 जनवरी 1998 को समाज के 11 वुद्धिजीवी व्यक्तियों के साथ ग्राम मुरादपुर (नरौली) जिला बस्ती में औपचारिक बैठक कर निर्णय लिया गया कि समाज में दलित, वंचित, शोषित, दिव्यांगजन तथा उपेक्षित तबके के उत्थान हेतु बहुमुखी विकास के लिए निरंतर प्रयास करते रहेगें। संस्था भय, भूख, अन्याय मुक्त एवं दिव्यांगजन, महिलाओं, बृद्धजन को अधिकार युक्त स्वच्छ एवं सुन्दर समाज की स्थापना करना। स्वैच्छिक संस्था के रूप में सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अर्न्तगत पंजीकरण दिनांक 02.06.1998 को क्षेत्रीय कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स उ0 प्र0 गोरखपुर से सम्पन्न हुआ। तदोउपरान्त संस्था लगातार समाजिक कार्य करते हुए निम्नलिखित कानूनी पंजीकरण प्राप्त किया है।

1. PwDs Act Registration Number- 1291 / 2022–23
2- National Trust Registration Number -UACH17518186534
3- NGO Darpan- UP/2017/0154832
4- 12AA & 80G Registration
5- PAN- AAATA7802Q

संस्था विगत कई वर्षो से सरकारी, गैर सरकारी एवं क्षेत्रीय दान चन्दा /संसाधनों से अपने कार्य क्षेत्र में दिव्यांगजन, पिछड़े, दलित, शोशित, उपेक्षित एवं महिला वर्गो के बीच संघर्षरत है। हलॉकि इन गुंजरे वर्षो में संस्था ने अनेक उतार–चढ़ाव को भी देखा व झेला, परन्तु अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति के बलबूते यह आज भी समाज विकास के कार्यो में संलिप्त है।

**बर्ष 2022–23 में संस्था द्वारा दिव्यांगो के पुर्नवास के क्षेत्र में निम्नलिखित गतिविधियो का संचालन किया गया है।**


1. **एम0 आर0, अटिज्म, सी0पी0 व एम0डी0 श्रेणी के दिव्यांगजनो हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग करना–**

संस्था द्वारा एम0 आर0 –10 सी0पी0 –'04 एम0डी0–03 श्रेणी के दिव्यांगजनो का सर्वे करके दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आनलाइन फार्म भरवाना व मुख्य चिकित्सा अधिकारी –बस्ती से प्रमाण पत्र बनवाने में सहयोग दिया गया।

2. **अटिज्म, सी0पी0 व एम0 आर0,एम0 डी0 श्रेणी के दिव्यांगजनो हेतु दिव्यांगता पेशन दिलवाने में सहयोग करना**

संस्था द्वारा एम0 आर0 –06 सी0पी0 –'04, एम0डी0–03 दिव्यांगजनो के घर वालो तथा प्रधान से सम्पर्क करते हुए फार्म भरवाकर पेशन दिलवाने का कार्य किया गया।

**विषेश विद्यालय मानसिक मंदित–:**



मांसिक मंदित विद्यालय का संचालन ग्राम थरौली पोस्ट गौरा उपाध्याय जिला बस्ती किया जा रहा है जिसमें 05 बच्चे एम. आर. तथा 03 बच्चे सी0पी0 व 02 बच्चा बहु दिव्यांगता से है। संस्था द्वारा मानसिक मंदित बच्चो का सर्वे कर चिन्हित किया जा रहा है जिन बच्चों का प्रमाण पत्र नही बना था 10 दिव्यांगजनो का प्रमाण पत्र संस्था के सहयोग बनवाया गया।

SECRETARY
Achhaibar Gram Vikas Sewa Sansthan

**सडक सुरक्षा जागरूकता–:** सडक सुरक्षा सप्ताह हर साल 11 जनवरी 2023 से 17 जनवरी



2023 तक मनाया जाता है। सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा आयोजित यह सडक सुरक्षा के महत्व पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। **सडक सुरक्षा–जीवन रक्षा, स्वच्छता व सडक सुरक्षा** विश्व बैक की रिर्पोट के अनुसार सडक दुर्घटनाओ में होने वाली मौतो मे से 11 प्रतिशत भारत में होती है। तेज रफ्तार शराब पीकर गाडी चलाने से खराब सडक और लापरवाही आदि के कारण होती है यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार, ओम प्रकाश चौधरी शिवमूर्ति यादव आदि ने किया।

**उपभोक्ता जागरूकता** –:जनपद बस्ती के विकास खण्ड बनकटी के ग्रामीण इलाको के बाजार में नुक्कड नाटक एंव समुदायिक गोष्ठी के माध्यम से उपभोक्ताओं को जागरूक किये जाने का कार्य किया गया जरूरत मन्द को कानूनी प्रकिया के बारे में बताया गया। इस दौरान वकील रजीव पाण्डेय , अशोक कुमार पाण्डेय का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**मुशायरा कार्यकम–:** संस्था के द्वारा एक मुसायरा कार्यकम का आयोजना 20 नवम्बर 2022



को सांय 8 बजे खदरा में आयोजित किया गया। कार्यकम में विभिन्न समुदाय के 361 लोगो ने प्रतिभाग किया कार्यकम की अध्यक्षता जावेद अहमद पूर्व प्रधान ने किया।

**कृषि विकास कार्यकम–:**

विकास खण्ड कुदरहा में ग्राम पंचायत कचनी , हथियाव में कृषि विकास



कार्यकम के अन्तर्गत वर्ष 2022–23 में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया इस गोष्ठी में कृषि वैज्ञानिक राकेश कुमार एंव डा0 जे0 पी0 यादव ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए विषेशज्ञों ने किसान भाईयों को सुझाव दिया कि कोई भी बीज बोने से पहले उपचारित जरूर कर लें। अच्छी किस्म के बीज का उपयोग करें जिससे आप की पैदावार दोगुनी हो जो आप सभी लोग अपने खेत की मिट्टी की जॉच कराये। रसायनिक खादों का प्रयोग कम करें हरीखाद बनाये इस प्रकार से फसल उत्पादन की नई तकनीक की जानकारी दी गयी जिससे वे अधिक से अधिक लाभ कमा सकें और रोगों से दूर रहें। गोष्ठी में 60 पुरूष 25 महिला एंव 04 स्टाफ ने प्रतिभाग किया।

SECRETARY
Chhnaibar Gram Vikas Sewa Sansthan
Vill-Muradpur,Po-Gaura Upadhyay

**संस्कृतिक कार्यकम** – संस्था के द्वारा श्रीकृष्ण जन्म दिवस पर एक दिवसीय **संस्कृतिक कार्यकम** का आयोजन किया गया जिसमें 85 पुरूष 45 महिलाओ ने प्रतिभाग किया गया।

**वृद्व कल्याण कार्यकम**–: संस्था के द्वारा जनपद बस्ती के विभिन्न क्षेत्रो से बंचित गरीब वृद्वजनो को चिन्हित करके वृद्वा पेशन, से जोडने का प्रयास किया जा रहा है। और एक दिवसीय हेल्थ चेकप का आयोजन पकरडाड, भुवनी, हलुआपार में किया गया जिसमें 155 पुरूष व 145 महिला वृद्वो का किया गया। उनके स्वस्थ के देखभाल हेतु उनके परिवार के साथ विचार विमर्श करके व सुझाव दिया गया।

**योगा दिवस** –: संस्था के विश्व योगा दिवस 21 जून 2022 को संस्था के कार्यालय पर आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीण क्षेत्र विभिन्न लोगो ने प्रतिभाग किया कार्यकम का मास्टर ट्रेनर बबिता देवी के सहयोग से सम्पन कराया गया।

**व्यवसायिक प्रशिक्षण**–: संस्था के द्वारा विकास खण्ड बस्ती सदर के महुली बाजार में 15 महिलाओ को सिलाई, कटाई, कढाई ट्रेड में सफलता पूर्वक निःशुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

हमारी संस्था उन सभी गणमान्यों की आभारी है जिन्होने संस्था के विकास हेतु समय–समय पर नकद या वस्तु के रूप में दान प्रदान किया है। इसके अतिरिक्त हमारी संस्था उन सभी केन्द्रीय एवं राज्य स्तरीय कर्मचारियों की आभारी है जिन्होने अपने अमूल्य समय को निकाल कर संस्था द्वारा संचालित कार्यकम में भाग लिया और निरीक्षण किया जिससे कार्यकमों को और प्रभावशाली बनाने हेतु उनका मार्गदर्शन एंव सहयोग प्राप्त हुआ।

SECRETARY
Achhaibar Gram Vikas Sewa Sansthan
Vill-Muradpur,Po-Gaura Upadhyay
Basti (U.P.)